# आवंटन प्रक्रिया के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश

- ✓ यदि आपका नाम मेरिट में सम्मिलित है, परंतु किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त नहीं हुआ है, तो आप द्वितीय चरण के लिए  महाविद्यालय की पसंद (चॉइस) में परिवर्तन कर सकेंगे।

- ✓ यदि आपका नाम मेरिट में सम्मिलित नहीं है, और आपके आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि है, तो आप अगले चरण में छात्र स्वयं अपने लॉगिन से या सहायता केंद्र (हेल्प सेंटर) पर जाकर आवश्यक परिवर्तन करवा सकते हैं।

- ✓ यदि अगले चरण में शामिल होने के लिए आवेदन-पत्र में कोई सुधार करना हो, तो छात्र स्वयं अपने लॉगिन से और आप सहायता केंद्र (हेल्प सेंटर) पर जाकर आवश्यक परिवर्तन करवा सकते हैं।

- ✓ यदि आपको आपकी महाविद्यालय पसंद (कॉलेज चॉइस) में प्रथम क्रमांक के महाविद्यालय में आवंटन प्राप्त हुआ है, और आप उस महाविद्यालय में शुल्क (फीस) जमा करते हैं या नहीं करते हैं — दोनों ही स्थितियों में आप अगली प्रवेश प्रक्रिया (राउंड) से बाहर हो जाएंगे।

- ✓ यदि आपको किसी भी महाविद्यालय में आवंटन किया गया है और आप उस महाविद्यालय की शुल्क (फीस) जमा करते हैं, तो आपका प्रवेश प्रावधिक रुप से सम्पन्न माना जायेगा|

- ✓ यदि आपका आवंटन वर्तमान में किसी महाविद्यालय में आवंटित किया गया है  और आप उसे पुष्टि (कन्फर्म) नहीं करते हैं, तो आपके समस्त विकल्प (कॉलेज चॉइस) निरस्त हो जाएंगी। और अगले चरण में भाग नहीं ले सकेंगे।

- ✓ यदि आपको प्रथम चॉइस में अतिरिक्त चॉइस का महाविद्यालय का आवंटन हो गया है, और आप उसमें प्रवेश नहीं लेना चाहते हैं, तो आपको अगले चरण में  शामिल होने के लिए **ऊपर की चॉइस के लिए सीट आवंटन छोड़ता हूँ** उस बटन पर क्लिक करना पड़ेगा |

- ✓ NCTE को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को सीधे शुल्क भरने का विकल्प उपलब्ध होगा, उन्हें कॉलेज जाने की आवश्यकता नहीं होगी।